**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1235**

**उत्तर देने की तारीख : 30.07.2024**

**बीपीएल परिवारों के लिए छात्रवृत्तियां**

**1235. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**डॉ. बच्छाव शोभा दिनेश:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव सहित देश के विभिन्न राज्यों में विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों के व्यक्तियों को कुल कितनी छात्रवृत्तियां प्रदान की गई हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत राज्य-वार कुल कितने लाभार्थी हैं;

(ग) क्या सरकार ने उक्त योजनाओं के समुचित कार्यान्वयन के लिए कदम उठाए हैं;

(घ) यदि हां, तो दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव सहित तत्संबंधी संघ राज्यक्षेत्र और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग का अधिदेश अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, वरिष्ठ नागरिकों, मद्यपान तथा नशीले पदार्थों के सेवन के पीड़ितों, सफाई कर्मियों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, भिखारियों, विमुक्त तथा घुमंतू जनजातियों, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों सहित समाज के सामाजिक, शैक्षिक तथा आर्थिक रूप से लाभवंचित लोगों के सबसे गरीब परिवारों के कल्याण का ध्यान रखना है।

इस विभाग द्वारा विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी के लिए कोई स्कीम कार्यान्वित नहीं नहीं की जा रही है। तथापि, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग अनुसूचित जाति के छात्रों के के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, अनुसूचित जातियों तथा अन्य के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति, यंग अचीवर्स अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (श्रेयस-एससी), अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से पिछड़े पिछड़े वर्गों तथा विमुक्त जनजातियों के छात्रों के लिए वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (पीएम-यशस्वी) और यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति

(श्रेयस-बीसी) स्कीमें कार्यान्वित कर रहा है, जिनके अंतर्गत लोगों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

**(ख) से (ङ.):** गत 03 वर्षों के दौरान ऊपर उल्लिखित स्कीमों के अंतर्गत शामिल किए गए लाभार्थियों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ऊपर उल्लिखित स्कीमों का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

(i) दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव सहित एनएसपी में शामिल राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए नियमित रूप से हैंडहोल्डिंग बैठकें/कार्यशालाएं;

(ii) अधिकतम कवरेज के लिए दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख समाचारों पत्रों के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में हिन्दी और अंग्रेजी में विज्ञापनों का प्रकाशन;

(iii) अधिक पारदर्शिता, दोहराव तथा संस्थानों द्वारा गलत दावों पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए शुरू से अंत तक ऑनलाइन प्रक्रिया, ऑनलाइन लेन-देन के माध्यम से पात्रता दस्तावेजों का सत्यापन; तथा

(iv) प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से छात्रों के आधार-आधारित बैंक खातों में केन्द्रीय हिस्सेदारी सीधा जारी की जा रही है।

(v) स्कीमों के सफल कार्यान्वयन के लिए सरकार कई कदम उठाती है जैसे विभाग द्वारा अनिवार्य वार्षिक निरीक्षण, उपोगिता प्रमाण-पत्र की अनिवार्य प्रस्तुति तथा राष्ट्रीय, राज्य स्तरों पर बैठकों के आयोजन के माध्यम से आवधिक समीक्षा तथा फील्ड दौरे। इस विभाग से निधियों प्राप्त करने वाले सभी संस्थानों के कार्यकरण की नियमित निगरानी के लिए विभाग में परियोजना निगरानी इकाई की भी स्थापना की गई है। यह विभाग तृतीय पक्ष मूल्यांकन अध्ययनों के माध्यम से स्कीमों के कार्यान्वयन की आवधिक समीक्षा भी करता है। अध्ययनों से पता चला है कि ये स्कीमें वांछित उद्देश्य प्राप्त कर रही हैं तथा इन अध्ययनों ने स्कीमों को जारी रखने की सिफारिश की है। इसके अलावा, निधियों को समय से जारी करने के लिए राज्य नोडल एजेंसी तथा केन्द्रीय नोडल एजेंसी प्रणाली अपनाई गई है जो शिक्षाविदों को छात्रवृत्ति/अध्येतावृत्ति जारी करना सुनिश्चित करती है।

अनुबंध

दिनांक 30.07.2024 को लोक सभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1235 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

i. अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति स्कीम:

| क्र .सं. | राज्य क्षेत्रसंघ राज्य/ | वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 243823 | 238915 | 195269 |
| 2 | असम | 0 | 11140 | 8426 |
| 3 | बिहार | 0 | 136340 | 68975 |
| 4 | चंडीगढ़ | 899 | 876 | 287 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 87464 | 96267 | 79237 |
| 6 | दमन और दीव | 0 | 98 | |
| 7 | दिल्ली | 0 | 7531 | 3,160 |
| 8 | गोवा | 0 | 1 | 34 |
| 9 | गुजरात | 97697 | 113531 | 1,79,116 |
| 10 | हरियाणा | 0 | 87913 | 70,464 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 21502 | 23,959 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 100 | 10097 | 7,370 |
| 13 | झारखंड | 7805 | 33922 | 44,610 |
| 14 | कर्नाटक | 131448 | 458548 | 4,03,965 |
| 14 | केरल | 90866 | 42521 | 1,55,319 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 48270 | 445319 | 3,46,289 |
| 17 | महाराष्ट्र | 68576 | 148573 | 7,49,317 |
| 18 | मणिपुर | 0 | 8988 | 2,125 |
| 19 | ओडिशा | 75530 | 299369 | 1,43,861 |
| 20 | पुडुचेरी | 0 | 3904 | 2,564 |
| 21 | पंजाब | 152157 | 40708 | 1,99,508 |
| 22 | राजस्थान | 217176 | 303252 | 1,51,922 |
| 23 | सिक्किम | 0 | 448 | 216 |
| 24 | तमिलनाडु | 441672 | 543772 | 6,43,761 |
| 25 | तेलंगाना | 0 | 0 | |
| 26 | त्रिपुरा | 0 | 22278 | 16,858 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 868554 | 1269634 | 9,49,934 |
| 28 | उत्तराखंड | 0 | 27735 | 23,804 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 493099 | 273953 | 2,68,228 |
| **कुल** | | **3025136** | **4647135** | **4738578** |

ii. अनुसूचित जाति और अन्य के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति स्कीम:

| क्र .सं. | राज्य क्षेत्रसंघ राज्य/ | वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान लाभार्थियों की संख्या | वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 245595 | 0 | 2,21,219 |
| 2 | असम | 418 | 0 | 14 |
| 3 | बिहार | 473106 | 132127 | 1,46,660 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1634 | 1304 | 1,097 |
| 5 | छतीसगढ़ | 0 | 0 | 41,271 |
| 6 | दमन और दीव | 51 | 14 | 8 |
| 7 | दिल्ली | 3771 | 501 | 761 |
| 8 | गोवा | 29 | 6 | 0 |
| 9 | गुजरात | 270489 | 77116 | 2,73,157 |
| 10 | हरियाणा | 0 | 0 | 0 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 16759 | 0 | 24,536 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 13359 | 0 | 2,584 |
| 13 | झारखंड | 57745 | 0 | 0 |
| 14 | कर्नाटक | 271576 | 200119 | 2,35,562 |
| 14 | केरल | 61622 | 42003 | 11,999 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 355000 | 0 | 0 |
| 17 | महाराष्ट्र | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मणिपुर | 571 | 0 | 676 |
| 19 | ओडिशा | 92329 | 29047 | 31,486 |
| 20 | पुडुचेरी | 1349 | 0 | 704 |
| 21 | पंजाब | 196843 | 92604 | 1,03,357 |
| 22 | राजस्थान | 240500 | 0 | 1,35,092 |
| 23 | सिक्किम | 54 | 0 | 8 |
| 24 | तमिलनाडु | 341246 | 104324 | 3,35,642 |
| 25 | तेलंगाना | 26175 | 0 | 0 |
| 26 | त्रिपुरा | 10211 | 4075 | 2,105 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 320390 | 373692 | 3,82,766 |
| 28 | उत्तराखंड | 14368 | 0 | 9,940 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 223209 | 77336 | 1,68,896 |
| **कुल** | | **3238399** | **1134268** | **21,29,540** |

iii. यंग अचीवर्स हेतु उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (श्रेयस-एससी)

**क) <u>अनुसूचित जाति के लिए टॉप क्लॉस शिक्षा (टीसीएस):</u>**

| वित्तीय वर्ष | बजट (करोड़ में) | व्यय (करोड़ रुपए में) | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 70 | 84.72 | 4544 |
| 2022-23 | 108 | 85.67 | 4171 |
| 2023-24 | 111 | 83.84 | 3969 |

**ख) <u>अनुसूचित जातियों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति (एनओएस):</u>**

| वर्ष | स्लॉट | चयनित उम्मीदवार | बजट अनुमान (करोड़ में) | संशोधित अनुमान (करोड़ में) | किया गया व्यय (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 125 | 125 | 30 | 35 | **49.07** |
| 2022-23 | 125 | 125 | 36 | 50 | **86.59** |
| 2023-24 | 125 | 125 | 50 | 85 | **88.56** |

**ग) <u>अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति:</u>**

| वर्ष | बजट आवंटन (रुपए करोड़ में) | मंत्रालय द्वारा जारी निधियां (रुपए करोड़ में) | प्रदान की गई अध्येतावृत्ति कुल |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 300 | 122.39 | 1932*(विलय चक्र) |
| 2022-23 | 173 | 114.25 | 1612 यूजीसी एनईटी (विलय चक्र)<br>260 सीएसआईआर जून 2022 |
| 2023-24 | 163 | 207.74 | 945 (यूजीसी नेट दिसंबर 2022 परीक्षा) 872 यूजीसी नेट जून 2023 परीक्षा, 404 सीएसआईआर दिसंबर 2022 और जून 2023 = कुल 2221 |

**घ) <u>एससी और ओबीसी छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग स्कीम:</u>**

| वित्तीय वर्ष | बजट (करोड़ में) | व्यय (करोड़ रुपए में) | लाभार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 50 | 14.98 | 1761 |
| 2022-23 | 47 | 18.4 | 558 |
| 2023-24 | 47 | 7.76 | 223 |

## iv. वाइब्रेंट इंडिया के लिए पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (पीएम-यशस्वी)

### क) गत 03 वर्षों के दौरान ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी निधियां | लाभार्थियों की संख्या | जारी निधियां | लाभार्थियों की संख्या | जारी निधियां | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 199.50 | 2.30365 | 1237.00 | 10.63691 | 2500.00 | लाभार्थियों का विवरण अगले वर्ष के प्रस्ताव के साथ प्रदान किया गया है। |
| 2 | बिहार | 4000.00 | 0.00 | 1094.50 | 0.00 | 0.00 | |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 104.50 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 4 | गोवा | 10.00 | 0.01 | 73.75 | 0.00206 | 4.80 | |
| 5 | गुजरात | 800.00 | 5.20 | 9164.82 | 4.65956 | 2394.00 | |
| 6 | हरियाणा | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 30.00 | 0.1311 | 480.24 | 0.07287 | 403.20 | |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 80.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 9 | झारखंड | 2000.00 | 2.27 | 480.00 | 2.39455 | 735.00 | |
| 10 | कर्नाटक | 2500.00 | 8.48 | 0.00 | 0.00 | 3714.6 | |
| 11 | केरल | 1800.00 | 12.50 | 336.51 | 0.14000 | 1917.60 | |
| 12 | मध्य प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 13 | महाराष्ट्र | 1508.08 | 5.31 | 2963.89 | 0.00 | 0.00 | |
| 14 | ओडिशा | 788.99 | 0.59 | 754.605 | 0.35917 | 479.83 | |
| 15 | पंजाब | 114.50 | 1.75 | 938.42 | 2.35510 | 969.25 | |
| 16 | राजस्थान | 2972.55 | 0.25 | 3352.39 | 0.00 | 0.00 | |
| 17 | तमिलनाडु | 2694.72 | 4.69 | 4419.815 | 3.05000 | 4046.52 | |
| 18 | तेलंगाना | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.00478 | 0.00 | |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 848.00 | 11.21 | 5741.995 | 0.76750 | 2040.00 | |
| 20 | उत्तराखंड | 50.00 | 0.09 | 147.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 544.00 | 3.13 | 2708.874 | 0.10128 | 0.00 | |
| 22 | असम | 81.65 | 0.00 | 1758.50 | 0.11114 | 0.00 | |
| 23 | मणिपुर | 124.756 | 0.00 | 152.00 | 1.11000 | 126.61 | |
| 24 | सिक्किम | 7.720 | 0.00484 | 2.56 | 0.00039 | 1.41 | |
| 25 | त्रिपुरा | 214.94 | 0.33 | 271.825 | 0.23306 | 0.00 | |
| 26 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 10.50 | 0.00699 | 10.975 | | 0.00 | |
| 27 | चंडीगढ़ | 14.50 | 0.00 | 30.50 | 0.00144 | 0.00 | |
| 28 | दादरा व नागर हवेली तथा दमन और दीव | 55.00 | 0.00 | 14.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 29 | दिल्ली | 223.75 | 0.32 | 0.00 | 0.02711 | 0.00 | |
| 30 | पुडुचेरी | 51.25 | 0.034 | 3.73 | 0.00 | 50 | |
| | **कुल:** | **21828.90** | **58.62** | **36137.90** | **26.027** | **19382.82** | |

## ख) गत 03 वर्षों के दौरान ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी निधियां | लाभार्थियों की संख्या | जारी निधियां | लाभार्थियों की संख्या | जारी निधियां | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 563.75 | 10.30 | 6324.25 | 6.47 | 13378.00 | लाभार्थियों का विवरण अगले वर्ष के प्रस्ताव के साथ प्रदान किया गया है। |
| 2 | बिहार | 10363.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 292.75 | 3.2685 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 4 | गोवा | 17.00 | 0.00146 | 172.06 | 0.00718 | 27.31 | |
| 5 | गुजरात | 6018.00 | 2.04 | 11048.25 | 1.10 | 12748.16 | |
| 6 | हरियाणा | 0.00 | 0.31 | 1842.65 | 0.17 | 1042.82 | |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 179.08 | 0.11 | 1057.15 | 0.13 | 1100.71 | |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 530.25 | 0.22 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 9 | झारखंड | 5215.42 | 2.02 | 0.00 | 0.00 | 7731.00 | |
| 10 | कर्नाटक | 5000.00 | 0.00 | 4506.64 | 0.00 | 15392.12 | |
| 11 | केरल | 6000.00 | 0.00 | 3600.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 12 | मध्य प्रदेश | 11088.00 | 0.62 | 12519.48 | 0.00 | 0.00 | |
| 13 | महाराष्ट्र | 23699.50 | 0.00 | 6921.12 | 0.00 | 0.00 | |
| 14 | ओडिशा | 6144.73 | 1.80 | 3340.80 | 1.94 | 2506.08 | |
| 15 | पंजाब | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 16 | राजस्थान | 10226.00 | 0.77 | 2757.95 | 0.76 | 0.00 | |
| 17 | तमिलनाडु | 16079.00 | 4.53 | 8297.13 | 4.53 | 13500.00 | |
| 18 | तेलंगाना | 3547.00 | 6.59 | 0.00 | 6.86 | 2318.13 | |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 19908.00 | 1.74 | 21000.00 | 1.32 | 21000 | |
| 20 | उत्तराखंड | 514.83 | 0.00 | 1499.28 | | 2281.48 | |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 1050.25 | 3.31684 | 9782.85 | 1.38 | 0.00 | |
| 22 | अंडमान और निकोबार | 33.95 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 23 | दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव | 59.79 | 0.00 | 94.55 | 0.00 | 65.7 | |
| 24 | चंडीगढ़ | 30.50 | 0.0031 | 81.43 | 0.0028 | 0.00 | |
| 25 | दिल्ली | 164.99 | 0.06 | 270.00 | 0.04 | 98.77 | |
| 26 | पुडुचेरी | 11.98 | 0.03065 | 106.50 | 0.00 | 170.32 | |
| 27 | असम | 1187.25 | 0.00 | 0.00 | 0.64 | 0.00 | |
| 28 | मणिपुर | 102.75 | 0.00 | 1044.73 | 0.00 | 1572.00 | |
| 29 | सिक्किम | 445.90 | 0.05 | 930.23 | 0.025 | 0.00 | |
| 30 | त्रिपुरा | 3540.00 | 0.26 | 3364.23 | 0.18 | 3872.56 | |
| | **कुल :** | **132013.67** | **38.04** | **100561.28** | **25.55** | **98806.16** | |

ग)	ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए टॉप क्लॉस शिक्षा

| वित्तीय वर्ष | जारी निधियां (करोड़ में) | लाभार्थी (वास्तविक) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 1.84 | 1275 |
| 2023-24 | 6.61 | 3177 |

घ)	ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए टॉप क्लॉस शिक्षा

| वित्तीय वर्ष | जारी निधियां (करोड़ में) | लाभार्थी (वास्तविक) |
|---|---|---|
| 2023-24 | 11.17 | 4762 |

ड.)	ओबीसी छात्रों के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति

| वित्तीय वर्ष | जारी निधियां (करोड़ में) | लाभार्थी (वास्तविक) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 55.55 | 1338 |
| 2022-23 | 51.32 | 1570 |
| 2023-24 | 89.70 | 2013 |

******